RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 30 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 279 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पुणे में सीएनजी से चलने वाली कार में लगी आग...



**पुणे:** पुणे शहर में सोमवार को एक सीएनजी से चलने वाली चार पहिया कार में आग लग गई , पुणे अग्निशमन विभाग ने बताया। यह घटना पुणे सिटी वेस्ट डिवीजन के कटराज इलाके में दिन के शुरूआती घंटों में हुई। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. पुणे अग्निशमन विभाग के मुताबिक , ''किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.'' पुणे अग्निशमन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि चार पहिया कार में लगी आग को अग्निशमन विभाग के कर्मचारी बुझा रहे थे. आगे की जांच चल रही है.

## राहुल नार्वेकर को मिली सुप्रीम राहत

# एनसीपी अयोग्यता मामले में 15 फरवरी तक बढ़ी तारीख...




**मुंबई :** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को राकांपा विधायक अयोग्यता मामले में सुप्रीम राहत मिल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सुनवाई पूरी करके फैसला सुनाने के लिए और 15 दिनों की मोहलत दे दी। इस मामले में इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने 31 जनवरी तक फैसला सुनाने का आदेश दिया था। बता दें कि कोर्ट ने सोमवार को एनसीपी विधायक अयोग्यता मामले में अहम फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार के नेतृत्व वाले बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली राकां (शरद पवार गुट) के नेता जयंत पाटिल की याचिका पर अंतिम आदेश पारित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समय सीमा को 15 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया। इस बारे में सूत्रों का ऐसा दावा है कि नार्वेकर की ओर से फैसला सुनाने में जानबूझकर देरी की जा रही है। दरअसल, नार्वेकर, चुनाव आयोग के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि राकांपा पार्टी और चुनाव चिन्ह मामले चुनाव आयोग में दोनों पक्षों की दलीलें 8 दिसंबर 2023 को पूरी हो गई थीं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### नार्वेकर चाहते थे तीन सप्ताह

गौरतलब है कि सुनवाई पूरी करके फैसला सुनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष तीन सप्ताह की मोहलत चाहते थे। 31 जनवरी तक दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो जाएगी, लेकिन फैसला लिखने में और तीन सप्ताह का वक्त लग सकता है। ऐसी दलील देते हुए नार्वेकर के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अतिरिक्त तीन हफ्ते का वक्त मांगा था, लेकिन शरद पवार गुट के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इसका विरोध किया। मनु सिंघवी ने कहा कि समय बढ़ाने की मांग रोज की ही बात हो गई है, इसलिए अधिकतम एक सप्ताह का ही समय दिया जाना चाहिए। लेकिन दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बीच का रास्ता निकालते हुए नार्वेकर को दो सप्ताह का वक्त दिया है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल की कई ठिकानों पर छापेमारी!

## 11 गिरफ्तार, दो करोड़ से ज्यादा कीमत का मेफेड्रोन जब्त



**मुंबई :** मुंबई अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एंटी नारकोटिक्स सेल) ने सोमवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही 2.22 करोड़ की कीमत का मेफेड्रोन जब्त किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्सक सेल (एएनसी) की बांद्रा इकाई ने विशेष अभियान चलाया। इसके तहत ग्रांट रोड, मझगांव, नागपाड़ा और अग्रीपाड़ा में छापेमारी की गई। इसके बाद 1.02 करोड़ की कीमत का मेफेड्रोन जब्त किया गया और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें 31 जनवरी तक पुलिस हिरास में भेज दिया गया है। जांच में पता चला है कि इस सिंडिकेट को चलाने वाला व्यक्ति विदेश में रहता है।

इसके बाद एएनसी की वर्ली इकाई ने सांताक्रूज ईस्ट और कॉटन ग्रीन इलाके में छापेमारी की। इस दौरान 20 लाख रुपये की कीमत का 100 ग्राम मेफेड्रोन जब्त किया गया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले एएनसी की आजादी मैदान इकाई ने भी छापेमारी की थी और बायकुला से बुधवार पच्चीस वर्षीय मोइनुद्दीन मोहम्मद जुबेर को गिरफ्तार किया था। जुबेर पिछले साल से फरार था। उसके पास से तीन किलोग्राम से ज्यादा मेफेड्रोन जब्त किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह ठाणे, राजस्थान और गुजरात में ठहरा था। उसने अपनी पहचान भी बदल ली थी। एएनसी की घाटकोपर इकाई ने 201 में जोगेश्वरी में एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया था तब 52 लाख की कीमत का 260 ग्राम मेफेड्रोन जब्त किया गया था। उस मामले में 34 वर्षीय जुनैद फिदा हुसैन कुरैशी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। वह नवी मुंबई और नासिक सहित विभिन्न स्थानों पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल था। पुलिस ने मुंबई एक सरकारी अस्पताल के वार्ड ब्वॉय समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने अपने ग्राहकों को चिकित्सा दस्तावेज हासिल करने में मदद करने के लिए अस्थायी रूप से उन्हें चोट पहुंचाने के लिए अपने ज्ञान का इस्तेमाल किया। ताकि वे अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए प्राथमिकी दर्ज कर सकें। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, मुख्य आरोप वासु थोम्ब्रे ने मोडस विधि का इस्तेमाल किया। जिसमें वह अपने ग्राहक की एक उंगली को जहर से भरा इंजेक्शन देने से पहले उसे तोड़ देता था।

# 21 किलो गांजा महाराष्ट्र ले जाते कोरियर ब्वाय गिरफ्तार

## पुलिस ने जब्त गांजे की कीमत दो लाख से अधिक का होने का दावा किया है।





**रायपुर :** ओड़िशा के कोरापुट से गांजा खरीदकर अकोला,महाराष्ट्र ले जाने के लिए भाठागांव बस टर्मिनल में पहुंचे एक कोरियर ब्वाय को सोमवार टिकरापारा पुलिस ने दबोच लिया।तलाशी लेने पर आरोपित के कब्जे से 21 किलो 300 ग्राम गांजा पांच अलग-अलग पैकेटों में बंद मिला। पुलिस ने जब्त गांजे की कीमत दो लाख से अधिक का होने का दावा किया है। अकोला निवासी इस कोरियर ब्वाय से यह पूछा गया कि वह किसके लिए और कब से काम करता आ रहा है। पुलिस को आशंका है कि आरोपित इससे पहले भी ओड़िशा से गांजा खरीदकर रायपुर के रास्ते से ट्रेन या यात्री बस से महाराष्ट्र ले जा चुका है।

हालांकि पूछताछ में कोरियर ब्वाय ने पहली बार गांजा डिलेवर करने का काम महज दस हजार रुपये पाने के लालच में करना कबूल किया। टिकरापारा पुलिस थाना प्रभारी दुर्गेश रावटे ने बताया कि नशे के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई के क्रम में सोमवार को मुखबिर से पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि भाठागांव नया अंतराज्जीय बस टर्मिनल के मोटर सायकल पार्किंग के पास एक युवक अपने पास सफेद प्लास्टिक बोरी में गांजा रखकर कही जाने के लिए यात्री बस का इंतजार कर रहा है। इसकी सूचना एएसपी पश्चिम जय प्रकाश बढ़ई, सीएसपी पुरानी बस्ती राजेश चौधरी समेत अन्य अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मौके पर खुद थानेदार दल-बल के साथ पहुंचे।

# पालघर जिले में रेलवे स्टेशन के पास मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव...



**पालघर:** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक रेलवे स्टेशन के बाहर चोट के निशान वाला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है, पुलिस को संदेह है कि यह हत्या का मामला है, एक अधिकारी ने सोमवार को कहा।नायगांव पुलिस थाने के निरीक्षक मंगेश अंधारे ने बताया कि कुछ राहगीरों ने रविवार शाम को नायगांव रेलवे स्टेशन के पास एक शौचालय के पास शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान भागोजी उत्तेकर के रूप में हुई है और शव परीक्षण रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है और इसकी जांच कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब पालघर में इस तरह की चौंकाने वाली हत्या की खबर आई है। करीब एक महीने पहले पालघर में 16 साल के लड़के ने पड़ोस में रहने वाली 8 साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी थी. हत्या के पीछे का कारण आपसी दुश्मनी निकला। रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़की लड़के को चिढ़ाती थी, इसलिए लड़के ने गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद मासूम के शव को प्लास्टिक बैग में बंद कर फेंक दिया गया.

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 30 जनवरी 2024




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### रोजगार के आदर्श बदलें...!

बेरोजगारी की चीखों के बीच नीतियों का इंतखाब करना भी मुश्किल हो गया है। सरकार गेस्ट टीचर के लिए स्कूलों के गेट नहीं खोल पाई तो इसलिए कि इस नीति की घोषणा ने युवाओं के सुर बिगाड़ दिए। कुछ इसी तरह जेओए-817 की परीक्षा पर तरस खाने का मुद्दा भी रहा। जिस परीक्षा प्रणाली के भ्रष्ट तंत्र ने हमीरपुर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को उखाड़ फेंका, उसी के तहत हुई जेओए परीक्षा को बचाने का प्रयास जारी है। ये परीक्षार्थी अब फरियादी हैं, तो सरकार की अदालत बदल रही है। जाहिर है बेरोजगारी की चीखों की सत्ता अनदेखी नहीं कर सकती, लेकिन मंत्रिमंडल के बीच नैतिकता का विभाजन स्पष्ट रहा। अब मुख्यमंत्री जेओए परीक्षा को तमाम संशय से दूर रखते हुए नौकरी के आवरण से ढांपना चाहते हैं। बहरहाल मसला सरकारी नौकरी को लेकर पुनः खिदमत कर रहा है, तो आंसू पोंछने के लिए मुख्यमंत्री के मुलायम हाथ स्पर्श कर रहे हैं। रोजगार के बाजार में सरकार की आस्था सदा बदलती रही है और यही वर्तमान सरकार की परीक्षा और गारंटी है। एक लाख नौकरियों की बिसात पर अब कुछ ऐसे ही टोटके काम आएंगे। जाहिर है जेओए परीक्षा अगर बरी हो जाए, तो सरकारी रोजगार के आंकड़े कुछ तो काम आएंगे। नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का अंतर आज तक हिमाचल की नीतियों को समझ नहीं आया। हालांकि स्टार्टअप के जरिए वर्तमान सरकार की ग्रीन नीति रोजगार के अवसर सृजित करने को तत्पर है या पर्यटन के जरिए सरकार रोजगार को स्वरोजगार का पुष्पगुच्छ सौंपना चाहती है, लेकिन एक कहानी निवेशक की भी है। बीबीएन जैसे हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र से अगर कुछ उद्योग पलायन करने का सोच रहे हैं, तो यह रोजगार के बिंदुओं पर भी हताशापूर्ण वातावरण है।

आश्चर्य यह है कि प्रदेश की राजनीति और नेताओं के वक्तव्य केवल सरकारी नौकरी की बात करते हैं, जबकि रोजगार की संभावना के अन्य क्षेत्र खामोश हैं। सरकार गांव के द्वार भी ऐसी ही घोषणाएं चुन रही है, जहां साधारण कालेज को स्नातकोत्तर बनाने की उपलब्धि गिनी जा रही है। हमें लगता है जिस दिन हमारे मंत्री-मुख्यमंत्री युवाओं के प्रयास से शुरू हो रहे व्यवसायों, शोरूमों, बस-टैक्सी संचालन या पर्यटन इकाइयों का आगे बढकर शुभारंभ करेंगे, हिमाचल के आदर्श और उदाहरण बदल जाएंगे। हम स्कूलों-कालेजों के वार्षिक समारोहों में नेताओं को बुलाकर बच्चों के मन में सियासी प्रभाव का आभामंडन कर रहे हैं, जबकि होना यह चाहिए कि वहां निजी क्षेत्र के सफल व्यावसायियों, युवाओं, डाक्टरों तथा नामी व्यक्तियों को बुलाकर रोजगार की क्षमता की नई पैरवी शुरू की जाए। आश्चर्य यह कि सरकारें शिक्षा के घुंघरू पहनकर नाच रही हैं, जबकि हमारे परिसर नाकाबिल हो चुके हैं। प्रदेश के तीन सामान्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त केंद्रीय यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में ऐसा क्या है कि राष्ट्रीय स्तर के मानव संसाधन पैदा नहीं हो रहे। प्रदेश में तीन दर्जन कालेज एवं विश्वविद्यालय एमबीए के पाठ्यक्रम का मुखौटा पहने उच्च शिक्षा का उच्चारण कर रहे हैं, लेकिन डिग्रियां बेरोजगारी की मुजरिम बन गईं। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग को लेकर ही अगर बीबीएन में एक राज्यस्तरीय संस्थान पैदा करते, तो काम करने का कोड बदल जाता।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# डीजीपी का आदेश रद्द... मुंबई पुलिस एक्ट तहत दर्ज मामले नहीं हो सकते तड़ीपार का आधार - हाईकोर्ट

**मुंबई :** कांदिवली (पूर्व) समता नगर निवासी इम्तियाज हुसैन सैयद के खिलाफ तड़ीपारी के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के आदेश को बॉम्बे हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। अदालत ने पाया कि जिन 7 आपराधिक मामले में याचिकाकर्ता को तड़ीपार किया था, उसमें हाल में दर्ज दो मामलों में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है। पुलिस मामले की अभी जांच कर रही है। यह मामले तड़ीपारी के आधार नहीं हो सकते हैं। न्यायमूर्ति एन.जे.जमादार की एकलपीठ के समक्ष इम्तियाज हुसैन सैयद की ओर से वकील गणेश गुप्ता की दायर याचिका पर सुनवाई हुई।



याचिका में दावा किया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ समता नगर पुलिस स्टेशन में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस 9 जुलाई 2022 को याचिकाकर्ता को महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 59 के तहत नोटिस जारी किया गया कि उन्हें मुंबई से दो साल के लिए तड़ीपार क्यों नहीं किया जाना चाहिए? पिछले साल 24 जनवरी पुलिस ने याचिकाकर्ता को मुंबई समेत ठाणे, वसई, पालघर, रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत से दो साल के लिए तड़ीपार कर दिया।

याचिकाकर्ता ने अपनी तड़ीपारी के खिलाफ कोंकण डिवीजन के डिविजनल कमिश्नर के पास अपील किया, तो उन्होंने सजा की अवधि को दो साल से घटाकर 18 महीने करने की अनुमति दी। इसके बाद याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में तड़ीपार के आदेश को चुनौती दिया। याचिकाकर्ता के वकील गणेश गुप्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ समता नगर पुलिस स्टेश में दर्ज जिन दो मामलों के आधार पर उन्हें तड़ीपार किया गया है, उन मामलों में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है। पुलिस की जांच में आरोपी निर्दोष भी साबित हो सकता है। इसके अलावा मुंबई पुलिस एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामले तड़ीपारी का आधार नहीं हो सकते हैं। यदि याचिकाकर्ता की गतिविधियों के कारण समाज को खतरा है, तो पुलिस द्वारा उसके खिलाफ पहले कार्रवाई क्यों नहीं की थी? पीठ ने याचिकाकर्ता की वकील की दलील को स्वीकार करते हुए उसके खिलाफ डीसीपी के तड़ीपारी के आदेश को रद्द कर दिया

# लालबाग फ्लाईओवर पर हादसे में दो की मौत!

## पुलिस द्वारा दर्ज किया गया अपराध




**मुंबई:** शनिवार रात मुंबई के लालबाग फ्लाईओवर पर दोपहिया वाहन दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान ऋषिकेश सालकर और शैलेश सईद के रूप में हुई है और दोनों साकीनाका के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब मोटरसाइकिल फ्लाईओवर पर सड़क की सुरक्षा दीवार से टकरा गई। इस मामले में कालाचौकी थाने में दुपहिया वाहन चालक के खिलाफ तेज गति से दुपहिया वाहन चलाकर मौत का कारण बनने का मामला दर्ज किया गया है.

लालबाग फ्लाईओवर पर हादसे की सूचना जैसे ही कालाचौकी पुलिस को मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. घटनास्थल पर एक व्यक्ति पुल की रिटेनिंग दीवार पर लुढ़क रहे लोहे के कारण फंस गया था। एक अन्य व्यक्ति सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा मिला. पुलिस ने तुरंत फंसे हुए व्यक्ति को बाहर निकाला. दोनों ने जे.जे. जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो वहां डॉक्टर ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार दोपहिया वाहन तेज गति से चला रहा था और पुल की ओर चला गया. आशंका जताई जा रही है कि रफ्तार के कारण वाहन पर नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। कालाचौकी पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

# सर्वदलीय नेताओं का कबड्डी टूनार्मेंट

**बदलापुरः** बदलापुर में शिव सेना ठाकरे ग्रुप की ओर से जिला स्तरीय कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है. इस प्रतियोगिता में 14 लड़कियों और 24 लड़कों सहित 38 टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता में सभी दलों के नेता शामिल हुए और प्रतियोगिता की सराहना की. सांस्कृतिक नगरी के रूप में विख्यात बदलापुर शहर अब खेल नगरी के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। शहर के कई खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय सम्मान माने जाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज अवॉर्ड मिल चुका है।



इस पृष्ठभूमि में, बालासाहेब ठाकरे की जयंती मनाने के लिए ठाकरे समूह की ओर से कबड्डी मैचों का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य कबड्डी जैसे लोकप्रिय खेलों से राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना है। शहर प्रमुख किशोर पाटिल और महिला आघाडी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं के सहयोग से क्रियान्वित यह प्रतियोगिता 26 से 28 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी और इस प्रतियोगिता में जिले से बालक-बालिकाओं की 38 टीमों ने भाग लिया है. मैच का तीव्र और रोमांचकारी एक्शन सचमुच दर्शकों को रोमांचित कर रहा है।

# नवी मुंबई की महिला, अन्य से 2.97 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी... नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे :** विभिन्न निवेश योजनाओं में ज्यादा मुनाफा का वादा कर नवी मुंबई की 42 वर्षीय महिला और अन्य लोगों से कथित तौर पर 2.97 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सानपाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पिछले तीन वर्षों में महिला और अन्य पीड़ितों की रकम शेयरों में निवेश की तथा चल एवं




अचल संपत्ति का अधिग्रहण भी किया लेकिन वे पीड़ितों को कोई लाभ दिलाने या निवेश किया गया धन वापस करने में विफल रहे।

नवी मुंबई टाउनशिप के सीवुड्स इलाके की निवासी महिला ने रविवार को पुलिस में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), इनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम, अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम और महाराष्ट्र जमाकताओं के हितों की सुरक्षा (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।


# फिर लौटेगा मुंबई में ब्रिटिशकालीन प्याऊ कल्चर...

## बीएमसी कर रही हेरिटेज टूरिज्म पर काम...

**मुंबई:** करीब एक सदी पहले मुंबई की पहचान रहे ब्रिटिशकालीन प्याऊ को बीएमसी ने पुनर्जीवित करने का फैसला किया है। इसके जरिए बीएमसी मुंबई में प्याऊ कल्चर को आबाद करने की कोशिश करेगी। बीएमसी ने मुंबई में 18 हेरिटेज प्याऊ की मरम्मत शुरू करने का फैसला किया है। बीएमसी ने बंद पड़े और जर्जर प्याऊ की सुरक्षा दीवार बनाने, जो दीवार खराब है उसकी मरम्मत करने, टूटे भाग को दोबारा बनाने, साफ-सफाई, लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था और पानी की उचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। बीएमसी मुंबई में इन प्याऊ को हेरिटेज टूरिज्म के रूप में विकसित कर रही है। मुंबई में बने ज्यादातर प्याऊ 19 वीं शताब्दी में बने हैं। मुंबई में कुल 28 ब्रिटिश कालीन प्याऊ हैं। इनमें से 10 को दोबारा विकसित किया जा चुका है। यह प्याऊ फव्वारे के रूप में बनाए गए हैं। उस दौरान इनमें से कुछ नागरिकों को पानी पीने के लिए, तो कुछ को जानवरों और घोड़ों को पानी पीने के लिए बनाया गया था। बीएमसी हेरिटेज डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में कुछ प्याऊ वर्ष 1800 के हैं। इनमें से रानीबाग में चार प्याऊ के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसका निर्माण वर्ष 1903 से 1933 के बीच हुआ था।

**इतिहास का लगाया पता**

हेरिटेज विशेषज्ञों के अनुसार मुंबई में पिछले कुछ वर्षों में ऐसे करीब 100 प्याऊ परिदृश्य से गायब हो चुके हैं। इनमें से कुछ को मौखिक इतिहास की मदद से और पुरानी तस्वीरों को स्कैन करके पता लगाया गया है। बीएमसी को मुंबई में करीब 22 ऐसे प्याऊ की जानकारी पुरातत्व के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था ने वर्ष 2018 में दी थी। दो साल बाद बीएमसी ने 22 में से 4 प्याऊ को सेलेक्ट किया, जो भायखला स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले उद्यान में हैं।



पिछले पांच वर्षों में बीएमसी ने मुंबई में मिंट रोड पर स्थित वासवानी प्याऊ, गोखले रोड पर आनंद विठ्ठल कोली प्याऊ, मधु दास कोठारी प्याऊ मेट्रो जंक्शन के पास धोबी तालाब में और जीपीओ के सामने फोर्ट एरिया में कोठारी प्याऊ को पुनर्जीवित किया है।

मुंबई में कई ऐसे प्याऊ हैं, जो वर्षों पुराने हैं। इनमें धोबी तालाब में बना सर कोवासजी जहांगीर फाउंटेन (1865), मस्जिद बंदर में केसोजी नायक प्याऊ (1876), दो टांकी प्याऊ कमाठीपुरा (1901), नवाब अली अयाज प्याऊ और सर कोवासजी जहांगीर फाउंटेन दोनों मझगांव में (1865) और सेठ देवराम केशवजी कॉन्ट्रैक्टर प्याऊ महेश्वरी उद्यान माटुंगा (1943) में बने हैं। इसी तरह मोहम्मद अली रोड पर, चार नल फाउंटेन, जी मनोकजी पटेल प्याऊ मजगांव, सर कावसजी जहांगीर फाउंटेन, मजगांव, एमवी पारुलकर फाउंटेन हिंदू कॉलोनी, सर कोवसजी जहांगीर फाउंटेन परेल, शाह चंपसे रेंस फाउंटेन लोअर परेल, इंदिरा भाई सहस्त्रबुद्धे प्याऊ, दादर, दो रामजी सेटिबा प्याऊ कोहिनूर जंक्शन और शिवाजी पार्क और जाफरभाई लुढा चाटु प्याऊ बांद्रा वेस्ट में हैं।

### कई साल से रानीबाग में रखे प्याऊ

**अधिकारियों ने बताया कि इसमें सेठ सामलदास नरसीदास प्याऊ, अर्देशिर दादाभाई दादी सेठ प्याऊ, खीमजी मुलजी रांदेरिया प्याऊ शामिल हैं। इन चारों को कई सालों से रानीबाग में रखा गया था। अन्य 18 प्याऊ के पुनर्निर्माण का काम एक साथ करने की योजना है, इसका जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। बीएमसी को मुंबई में करीब 22 ऐसे प्याऊ की जानकारी पुरातत्व के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था ने वर्ष 2018 में दी थी।**

# 'न्याय यात्रा जहां से गुजर रही है, पार्टी वहां हार रही है...'

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी पर कसा तंज!


**गुवाहाटी :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि अपनी राजनीतिक जीवन में पहली बार एक ऐसी ''न्याय यात्रा'' देख रहा हूं, जो जिन जगहों से जा रही है पार्टी वहां हार रही है और पार्टी के कार्यकर्ता भी उनकी विचारधारा त्याग कर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। भाजपा नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर यह भी दावा किया कि राहुल गांधी जहां से भी गुजरते हैं, वहां कांग्रेस अपना जनाधार खो देती है। दरअसल, शर्मा ने राहुल गांधी पर इसलिए तंज कहा है, क्योंकि असम में अअरब यानी ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और कांग्रेस के 150 से ज्यादा नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। फिलहाल, कांग्रेस की यात्रा तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही लोकसभा चुनाव 2024 अकेले लड़ने का एलान कर चुकी हैं।

इससे पहले, रविवार को सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी को भाजपा के लिए ''सबसे बड़ा स्टार प्रचारक'' बताया था। शर्मा ने डिब्रूगढ़ में एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, ''राहुल गांधी जहां से भी गुजरते हैं, वहां से कांग्रेस खत्म हो जाती है। वह निरुत्साही, अहंकारी हैं और उनमें नेतृत्व का कोई गुण नहीं है।'' राहुल पर हमले जारी रखते हुए उन्होंने कहा, ''उनके कदम भाजपा के लिए हमेशा सकारात्मक साबित होते हैं। वह भाजपा के लिए सबसे बड़े स्टार प्रचारक हैं।'' मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है जब राहुल के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 18 से 25 जनवरी तक असम से गुजरी और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला।



# कोर्ट के आदेश के बाद फर्जी फंसाने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज...

**मुंबई:** एमआईडीसी पुलिस ने अंधेरी में एक आवासीय फ्लैट पर कब्जा करने और फ्लैट मालिक को झूठे मामलों में फंसाने के आरोप में शनिवार शाम को दो पुलिस अधिकारियों सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस शिकायत के अनुसार, मोहिनी अरुण सावंत और उनकी बेटी सैली अरुण सावंत को यूनियन बैंक ने कदमवाड़ी, अंधेरी (पूर्व) में रविराज अपार्टमेंट में एक नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बेच दिया था। आरोपी फारूकी इजाज-उल-हक, जो उस समय डेवलपर के लिए काम कर रहा था, ने फ्लैट के फर्जी दस्तावेज बनाए और पुराने मालिक से फ्लैट खरीदने का दावा किया।




उस शिकायत पर शिकायतकर्ता और उसकी बेटी को फ्लैट से बेदखल कर दिया गया। हक के बेटे रेहान ने भी उनकी मदद की. हक के कहने पर एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में तैनात आरोपी सब-इंस्पेक्टर और पुलिस इंस्पेक्टर ने शिकायतकर्ता, उसके पति और बेटी को 2018 में जबरन चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद सावंत परिवार ने इस मामले में अंधेरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. उस संबंध में, अदालत ने 8 जनवरी को एमआईडीसी पुलिस स्टेशन को हक, उनके बेटे और दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने और मामले में आगे की जांच करने का निर्देश दिया। कोर्ट के निर्देशानुसार एमआईडीसी पुलिस ने शनिवार को हक, रेहान समेत दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# महाराष्ट्र सरकार ध्यान रखे OBC भी वोट देते हैं, मराठा कोटा को लेकर एकनाथ शिंदे पर भड़के छगन भुजबल, की बैठक

**मुंबई:** मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटील की मांगों को मानने संबंधी अधिसूचना को लेकर सरकार के ही मंत्री छगन भुजबल ने एक बार फिर जोरदार विरोध किया है। भुजबल ने अपने घर हुई सर्वदलीय ओबीसी नेताओं की बैठक के बाद अपनी ही सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार को यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि ओबीसी समाज भी वोट देता है। भुजबल ने कहा कि ओबीसी समाज में भारी चिंता और दहशत है। चूंकि, ये सभी अब शिक्षा, नौकरी और अन्य आरक्षणों में हिस्सेदार होंगे, इसीलिए ओबीसी समाज को लगता है कि हमारा आरक्षण अब खत्म होने की कगार पर है। सरकार ने मराठों को पिछड़ा साबित करने के लिए पूरे तंत्र को काम पर लगा रखा है। मराठों के कुनबी रिकॉर्ड का पता लगाने के लिए गठित न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति को जारी रखने पर भी भुजबल ने नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल किया, 'मेरी जानकारी के अनुसार भारत के प्रधान न्यायाधीश को 2.80 लाख रुपये वेतन मिलता है, जबकि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) शिंदे और समिति को 4.5-4.5 लाख रुपये मिलते हैं। इतना अधिक खर्च क्यों किया जा रहा है?' भुजबल ने कहा कि मुख्यमंत्री बहुत कुछ कह रहे हैं और हम सुन भी रहे हैं, लेकिन सीएम की बातों से मन को संतोष नहीं हो रहा। एकतरफा जिद पूरा करने का कार्यक्रम चल रहा है।

छगन भुजबल ने कहा कि एक तरफ सीएम कहते हैं कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। ओबीसी कोटे को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि 54 लाख कुनबी मिले हैं, अभी और मिलेंगे। दो गुने- तीन गुने लोग ओबीसी में घुसेंगे और जो मूल ओबीसी हैं, उन्हें दबाकर बाहर फेंका जा रहा है।




# सोशल मीडिया पर अपशब्द पोस्ट करने पर गिरफ्तार... क्राइम ब्रांच की कार्रवाई



**मुंबई:** क्राइम ब्रांच ने एक 30 वर्षीय व्यक्ति को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया था कि शिकायतकर्ता 3,000 करोड़ रुपये की वित्तीय हेराफेरी में शामिल था। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि शिकायतकर्ता के खाते में उद्योगपति गौतम अडानी से संबंधित कंपनी से राशि प्राप्त हुई थी।

क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट (सीआईयू) ने इस मामले में शनिवार को अंधेरी निवासी मोहित दिनेश जैन को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ प्रतिरूपण, धोखाधड़ी, मानहानि, साजिश, सबूत नष्ट करने और सूचना प्रौद्योगिकी रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जैन ने कथित तौर पर सत्य कर्मा हैंडल के माध्यम से 7 दिसंबर, 2023 को सोशल मीडिया एक्स पर कहानी पोस्ट की। इस पोस्ट में शिकायतकर्ता ने 3000 करोड़ रुपये की वित्तीय हेराफेरी का आरोप लगाया है. यह भी कहा गया कि शिकायतकर्ता के बैंक खाते में प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े संगठन से अवैध रूप से धन प्राप्त हुआ था। आरोपियों ने इन आरोपों को लेकर सबूत के तौर पर दस्तावेज और कुछ लिंक अपलोड किए थे. शिकायत में कहा गया, लेकिन लिंक नहीं खुल सका।

शिकायतकर्ता ने इस संबंध में 12 दिसंबर को दक्षिण क्षेत्रीय साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में कहा गया है कि इस पोस्ट से उनकी और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है. मामले की जांच क्राइम ब्रांच की सीआईयू को सौंपी गई. जब सीआईयू जांच कर रही थी, विंडसन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एलएलपी के एक भागीदार ने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि उनके बैंक खाते का लिंक भी सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था. शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने बैंक कर्मचारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से वे बैंक स्टेटमेंट हासिल किए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी जैन को गिरफ्तार कर लिया. आशंका है कि इसके पीछे कोई गिरोह काम कर रहा है. पुलिस इस संबंध में आगे की जांच कर रही है।

# कामवारी नदी होगी प्रदूषण मुक्त, जला योजना समिति द्वारा स्वीकृत धनराशि



**भिवंडी:** कामवारी नदी को प्रदूषण मुक्त करने और उसका जल प्रवाहित करने का काम जिला स्तर से किया जायेगा. नगर निगम आयुक्त अजय वैद्य ने बताया कि इस कार्य के लिए जिला योजना समिति में राशि भी स्वीकृत हो गयी है. आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल 'चलो नदी की ओर' विषय पर बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अजय वैद्य ने की. कमिश्नर अजय वैद्य ने कहा कि कामवारी नदी और झील के प्रदूषण को मापने, नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए मल्टी पैरामीटर स्थापित करने और ठोस प्रयास करने की जरूरत है. इस कामवारी नदी में कोई कचरा न फेंके, प्लास्टिक न फेंके, नदी प्रदूषित न हो, नदी को प्रवाहित करने के लिए केंद्र सरकार के अमृतमहोत्सव के तहत 'चलो नदी की ओर' पहल चलायी जा रही है। इसके लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

कामवारी नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जिला योजना समिति को राशि मिलेगी. इसमें नदी की डिजिटल मैपिंग की जाएगी। मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कल्याण विभाग को कामवारी नदी में सीवेज के कारण होने वाले प्रदूषण और झील की समस्याओं पर तत्काल उपाय करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. स्नेहल डोंडे ने कामवारी नदी और झीलों के प्रदूषण के संबंध में नगर निगम प्रशासन और अन्य अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मनपा अपर आयुक्त विठ्ठल डाके, जलनायिका डॉ. स्नेहल डोंडे, ठाणे लघु सिंचाई के क्षीरसागर, वन परिक्षेत्र अधिकारी पूजा राफ्टेट, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण कल्याण विभाग की दीपाली चौधरी, वन विभाग भिवंडी के पी. वी बैठक में घुलेकर, जल आपूर्ति कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर और अन्य नगर निगम अधिकारी उपस्थित थे।

# ठाणे में एक तेज रफ्तार टेम्पो की किसी वाहन से टक्कर हो गई...




**ठाणे:** मुंबई-नासिक चैनल पर मजीवाड़ा ब्रिज के पास एक घटना घटी जब एक टेम्पो चालक ने नियंत्रण खो दिया और आगे चल रहे वाहन को टक्कर मार दी. हादसा शनिवार सुबह करीब सात बजे हुआ। इस दुर्घटना में टेंपो चालक मोनू अली (उम्र 28 वर्ष) घायल हो गया. मोनू अली तेज गति से टेंपो चला रहा था। इस बार वह टेंपो से नियंत्रण खो बैठा और सामने अज्ञात वाहन से टकरा गया। इस हादसे में टेंपो का केबिन दब जाने से मोनू अली के दोनों पैर जख्मी हो गए और उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन कक्ष के कर्मी, यातायात पुलिस, अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे. बचाव दल ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटा दिया और यातायात के लिए सड़क साफ कर दी।

# कोस्टल रोड की लागत 1262 करोड़



**मुंबई:** चुनाव के मद्देनजर कोस्टल रोड का काम तेजी से चल रहा है. वर्ली और मरीन ड्राइव के बीच चार-लेन सड़क को आंशिक रूप से यातायात के लिए खोलने का प्रयास किया जा रहा है और नगर पालिका ने फरवरी के पहले सप्ताह में इस लेन का उद्घाटन करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। तटीय सड़क परियोजना के लिए 12 हजार 721 करोड़ रुपये आवंटित किए गए; लेकिन टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की दोनों खंभों के बीच की दूरी 60 मीटर से बढ़ाकर 120 मीटर करने की सिफारिश के मुताबिक जीएसटी 12 से बढ़कर 18 फीसदी हो गया है और प्रोजेक्ट की लागत में 10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है. इसलिए, मुंबई में कोस्टल रोड नामक एक महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ शुरू हो गया है। मुंबई के ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए कोस्टल रोड प्रोजेक्ट अहम होगा. तटीय सड़क परियोजना अक्टूबर 2018 में शुरू हुई। फिर 2019 से असल काम में तेजी आई और मार्च 2020 में मुंबई में कोरोना फैल गया. परिणामस्वरूप, तटीय सड़क परियोजना पर काम रोक दिया गया। उसके बाद 2022 से तटीय सड़क परियोजना में तेजी आई है और वर्तमान में 84.08 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। नगर पालिका ने मई 2024 में पूरी तटीय सड़क को मुंबईकरों की सेवा में लाने की योजना बनाई है। चार हजार कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं और थडानी जंक्शन वर्ली और मरीन ड्राइव के बीच एक लेन को आंशिक रूप से यातायात के लिए खोलने की योजना है; लेकिन मतैया स्वामी ने कहा कि चूंकि तटीय सड़क परियोजना का काम चल रहा है और सामग्रियों के परिवहन के लिए समय-समय पर यातायात रोकना होगा, इसलिए एक चार लेन वाली सड़क को केवल 12 घंटे के लिए यातायात के लिए खुला रखने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि तटीय सड़क परियोजना में विभिन्न प्राधिकरणों से कुल 19 अनुमतियां प्राप्त की गई हैं।

**अटल सेतु से सीधी तटीय सड़क**

न्हावाशेवा सेतु के खुलने से रायगढ़ से आने वाले वाहन चालकों को समय और ईंधन की बचत होगी। अब आप न्हावाशेवा सेतु से कोस्टल रोड से सीधे बांद्रा और मरीन ड्राइव जा सकते हैं। 'अटल' ब्रिज से आने के बाद वर्ली जे.क। कनेक्टर कपूर चौक के पास उपलब्ध होगा। इससे यात्रियों को बांद्रा या मरीन ड्राइव की ओर जाने की सुविधा मिलेगी. इस परियोजना के कारण 34 प्रतिशत ईंधन; तो 70 प्रतिशत समय की बचत होगी.

**सी-फेस के साथ जॉगिंग ट्रैक**

गहरे समुद्र का आनंद लेने के लिए वर्ली सी-फेस पर लैंडस्केपिंग की गई है। स्वामी ने कहा कि मरीन ड्राइव की तर्ज पर वर्ली से प्रियदर्शनी पार्क तक 10 से 14 किमी की दूरी पर भूनिर्माण किया जाएगा और जल्द ही निविदा प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। साथ ही 75 लाख वर्ग फीट में पार्क, जॉगिंग ट्रैक, शौचालय, ओपन थिएटर बनाए जाएंगे. साथ ही यहां बटरफ्लाई गार्डन भी बनाया जाएगा.

तटीय सड़क परियोजना में सुरक्षा उपाय किये गये हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और मोटर चालकों के लिए 80 किमी प्रति घंटे की गति सीमा होगी। साथ ही कोस्टल रोड प्रोजेक्ट में पार्क, थिएटर, साइकिल ट्रैक जैसी जगहों पर आने-जाने के लिए कुल 20 अंडरपास रास्ते बनाने का काम अंतिम चरण में है. तटीय सड़क परियोजना में दो प्रमुख सुरंगें खोदी गई हैं। आपातकालीन स्थिति में वाहन चालकों और यात्रियों की आवाजाही के लिए इन दोनों सुरंगों में कुल 10 बोर सुरंगें खोदी गई हैं।

# मलाड पूर्व के नवजला पाड़ा में एक नवजात बच्ची नाले में मिली... अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई:** मलाड पूर्व के नवजला पाड़ा में एक नवजात बच्ची नाले में मिली. पुलिस ने बताया कि लड़की को नगर निगम अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है. इस मामले में डिंडोशी पुलिस ने अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शनिवार को पुलिस को मलाड पूर्व में जीतेंद्र क्रॉस रोड पर यादव अस्तबल के पास नाले में एक बच्चे के होने की सूचना मिली. इस बच्चे को नाले से निकालो और नजदीकी अस्पताल ले जाओ। देसाई को अस्पताल ले जाया गया. बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है. वह एक लड़की है और उसे अपने माता-पिता से वंचित करने के इरादे से नाले में फेंक दिया गया था। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि बच्ची का जन्म एक दिन पहले हुआ है और दिंडोशी पुलिस स्टेशन में अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस कांस्टेबल रमेश बोके की शिकायत पर आईपीसी की धारा 317 के तहत मामला दर्ज किया गया है. सूत्रों ने बताया कि डिंडोशी पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है और नाला इलाके में कोई सीसीटीवी उपलब्ध नहीं है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com